20वाँ राष्ट्रीय पुस्तक मेला का लखनऊ में होगा आयोजन

चर्चा में क्यों?

19 सितंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकरी के अनुसार 20वाँ राष्ट्रीय पुस्तक मेला 22 सितंबर से 2 अक्तूबर तक लखनऊ के बलरामपुर गार्डन में आयोजित होगा।

प्रमुख बिंदु

- 11 दिवसीय पुस्तक उत्सव में विभिन्न कार्यक्रम जैसे पुस्तक विमोचन, लेखकों से मिलें, कवि सम्मेलन, मुशायरा, युवा और बच्चों के कार्यक्रम होंगे।
- 20वाँ राष्ट्रीय पुस्तक मेला 'ज्ञान कुंभ'की थीम पर होगा, जिसमें प्रवेश निःशुल्क रखा गया है और पुस्तकों पर न्यूनतम 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।
- आयोजक मनोज चंदेल ने बताया कि इस पुस्तक मेले ने देश के शीर्ष 10 पुस्तक मेलों में अपना स्थान बनाया है।
- मेले में इस वर्ष दिल्ली, मुंबई, रायपुर, नोएडा, गाजियाबाद, प्रयागराज, रायपुर, गुजरात, राजस्थान के सरकारी सामाजिक और धार्मिक संगठनों के साथ बड़ी संख्या में अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू भाषा के प्रकाशक एवं वितरक भाग लेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/20th-national-book-fair-will-be-organized-in-lucknow